<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–05 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया वर्चुअल उद्घाटन। कहा– वर्ष दो हजार छत्तीस में ओलंपिक खेलों की मेजबानी का प्रबल दावेदार है भारत।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात। एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में जताई निवेश की इच्छा। मुख्यमंत्री ने हर संभव सहयोग का दिया आश्वासन।
- अयोध्या में श्रीराम मंदिर में अभेद्य होगी सुरक्षा व्यवस्था। परिसर के चारों तरफ आधुनिक तकनीक से युक्त चार किलोमीटर लम्बी बॉउंड्रीवॉल का निर्माण शुरू।
- प्रदेश में घने कोहरे तथा कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने पूर्वी जिलों में घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वॉलीबॉल और भारत के विकास की गाथा के बीच कई समानताएं बताते हुए टीमवर्क, संतुलन और दृढ़ संकल्प को साझा सूत्र बताया है। प्रदेश के वाराणसी जिले में कल बहत्तरवें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का वर्चुअल माध्यम शुभारंभ करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

**वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ती है, वॉलीबॉल के हर खिलाड़ी का मंत्र होता है, टीम फर्स्ट हर कोई भले ही अलग–अलग स्किल्स का हो लेकिन सभी प्लेयर्स अपनी टीम की जीत के लिए खेलते हैं और मैं तो भारत की डेवलपमेंट स्टोरी और बॉलीबॉल में भी बहुत सी बातें कॉमन देखता हूं। वॉलीबॉल हमें सिखाती है कि कोई भी जीत अकेले नहीं होती हमारी जीत हमारे कोर्डिनेशन हमारे विश्वास और हमारी टीम की तत्परता पर निर्भर होती है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलिंपिक खेलों की मेजबानी का प्रबल दावेदार है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने खेल के क्षेत्र में कई सुधार किए हैं।

**स्पोर्ट्स सेक्टर में भी सरकार ने बड़े रिफॉर्मस किए हैं। नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट खेलों भारत नीति 2025 इस प्रकार के प्रावधानों से सही टेलेंट को अवसर मिलेगा। खेल संगठनों में ट्रांस्पेरेंसी बढेगी। देश के युवाओं को स्पोर्ट्स और एजुकेशन दोनों ही क्षेत्रों में एक साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।**

वाराणसी के डॉ सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उभरते "न्यू स्पोर्ट्स कल्चर" ने युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और टीम–स्पिरिट को मजबूत किया है। अब खेल सिर्फ शौक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है। राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट ग्यारह जनवरी तक चलेगा। इसमें देशभर के एक हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जो विभिन्न राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली अट्ठावन टीमों का हिस्सा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कल लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर कैनेडियन हिन्दू चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमण्डल भेंट की। एक रिपोर्ट–

**प्रतिनिधिमण्डल ने उत्तर प्रदेश में एम0एस0एम0ई0, धार्मिक पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा व्यक्त की, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप टेक्नोलॉजी व टूरिज्म की दिशा में नए प्रयास को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, यह दुनिया की सबसे तेज गति से उभरने वाली अर्थव्यवस्था भी है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश के शीर्ष तीन राज्यों में शामिल है। यह सम्भावनाओं का प्रदेश है। यहां सुरक्षा, सुव्यवस्था व निवेश की बेहतर स्थिति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी है। 05 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव फिर से ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस या अन्य कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, वॉट्सऐप या सोशल मीडिया के माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती है और न ही पैसे की मांग करती है। उन्होंने लोगों से जागरूक बनने और अपने आसपास के लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की है।

**********

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि श्रीराम मंदिर की सुरक्षा पूरी तरह अभेद्य होगी। अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर के चारों ओर बनाई जा रही चार किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल का

निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। मंदिर की निगरानी और सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल में अत्याधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए चार वॉच टावर बनाए जाएंगे, जिनमें आधुनिक तकनीक से लैस उपकरण लगाए जाएंगे। इन वॉच टावरों और बाउंड्री वॉल के मॉडल को स्वीकृति मिल चुकी है।

**********

प्रयागराज माघ मेले में कल्पवास प्रारंभ हो गया है। वहां कल बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान प्रयागराज मेला प्राधिकरण श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**तीर्थराज प्रयाग की धरती पर कल्पवास का पवित्र माघ मास पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ प्रारम्भ हो गया। संगम सहित सभी स्नान घाट पर कल्पवासियों, श्रद्धालुओं स्नानार्थियों के पहुंचने से गुलजार है। कड़ाके की ठंड और शीत लहर के बावजूद पुण्य और मोक्ष की कामना से माघ मेला के सभी घाटों पर स्नानार्थियों श्रद्धालुओं का स्नान व दान का सिलसिला अनवरत जारी है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमन दल, यूपी 112, पीएसी के जवान, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के जवान, अर्ध सैनिक बल व बम निरोधक दस्ता की टीम को व्यवस्थापित किया गया है। मेला क्षेत्र में गोल्फ कार्ट और मोटर साइकिल की सुविधा उपलब्ध कराए जाने से संगम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सहूलियत मिल रही है। प्रवीण मिश्र माघ मेला क्षेत्र प्रयागराज।**

**********

वर्ष दो हजार पचीस भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड रहा है। हमारी विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हम चर्चा कर रहे हैं– जब विश्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष दो हजार पचीस में एक आदर्श नेता के रूप में देखा।

**वर्ष 2025 भारत के वैश्विक उत्थान में एक ऐतिहासिक अध्याय के रूप में सामने आया। देश के भीतर मजबूत आर्थिक नेतृत्व और विदेशों में आत्मविश्वासी कूटनीति के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्थिर और विश्वसनीय नेता के रूप में उभरे। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने पारस्परिक शुल्क लगाए तब प्रधानमंत्री मोदी के नेशन फर्स्ट रुख ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब असमान व्यापार समझौतों या बाहरी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नई नीति को स्पष्ट किया। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और सिंधु जल संधि को निलंबित करते हुए यह संदेश दिया कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को अभूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिला, उन्हें कुल 29 वैश्विक सम्मान प्रदान किए गए। दृष्टि के साथ अक्षित कुमार वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुजफ्फरनगर के जानसठ रोड पर कल शाम हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है। यह हादसा उस समय हुआ जब एक ही बाइक पर सवार परिवार की बाइक ट्रैक्टर–ट्राली से टकरा गयी।

**********

प्रदेश में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेने विलम्ब से चल रही हैं और हवाई सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में सात जनवरी तक कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग ने अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना भी व्यक्त की है। ठंड और कोहरे के कारण प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों में अवकाश जारी है।

**********